नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास, दक्षिण दिल्ली - I)

1. **भूमिका:-** नगर स्थित कार्यालयों / उपक्रमों / बैंकों द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वायन में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच के रूप में नगर राजभाषा कार्यान्व्यन समितियों का गठन किया गया है । इस मंच से यह अपेक्षा की जाती है कि नराकास की बैठक में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रभावशाली चर्चा हो और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली की जानकारी का आदान-प्रदान हो सके। साथ ही जिन कार्यालयों को राजभाषा के प्रयोग में कठिनाई हो रही हो उनकी कठिनाइयों के समाधान का भी हल निकाला जा सके।

2. **क.भ.नि.सं. मुख्यालय को नराकास, दक्षिण दिल्ली का दायित्व सौंपा जाना:-** गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अ.शा. पत्र सं. 12024/07/2016 - रा.भा. (का.2) दिनांक: 29.03.2017 द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दक्षिण दिल्ली-।, की अध्यक्षता केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, मुख्यालय को सौंपी गई। उसके पश्चात् वर्ष 2019 में राजभाषा विभाग द्वारा नराकास, दक्षिण दिल्ली को तीन भागों में विभक्त किया गया है, नामत: दक्षिण दिल्ली-।, दक्षिण दिल्ली-।। एवं दक्षिण दिल्ली-।।। । अधिकारिक तौर पर क.भ.नि.सं., मुख्यालय को नराकास दक्षिण दिल्ली-। की अध्यक्षता सौंपी गई है। आरंभ में, इसके अंतर्गत सम्बद्ध कार्यालयों की संख्या 55 थी, जो कि वर्तमान में बढ़कर 65 हो गई हैं । उक्त कार्यालयों की मॉनीटरिंग करने के लिए 08 नोडल कार्यालयों को नामित किया गया है। एनडीसी के सहयोग से सभी कार्यालयों को सूचनाएं प्रदान करने के लिए क.भ.नि.सं. की कार्यालयीन वेबसाइट पर EPFO corner के टैब के अंतर्गत नराकास टैब उपलब्ध कराया गया है तथा उनसे संपर्क करने हेतु ई-मेल आईडी tolic.epfo@epfindia.gov.in सृजित की गई है । राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप वर्ष मे दो छमाही बैठकें (वर्ष की प्रथम बैठक - अगस्त माह में एवं द्वितीय बैठक - जनवरी माह में) नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जा रही है ।

3. कोविड-19 के वर्तमान महामारी की विषम परिस्थितियों में भी राजभाषा विभाग द्वारा यथा निर्देशित, बैठकें ऑनलाइन - वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (सिस्को वेबेक्स) के माध्यम से आयोजित की जा रही है जिसमें कार्यालय प्रमुख सहित सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा रही है । नराकास के तत्वावधान में सदस्य कार्यालयों द्वारा विभिन्न संगोष्ठियों/कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया ।